अमर उजाला 05/02/2025

हड्डियों की बीमारियों के बारे में जानकारी दी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में मंगलवार को जीएमएन कॉलेज ऑफ नर्सिंग के सहयोग से हड्डियों के स्वास्थ्य विषय पर सेमिनार का आयोजन किया। इसमें हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.ब्रह्मप्रीत सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि आज की इस भागदौड़ भरी जिंदगी में हर कोई किसी न किसी तनाव से गुजर रहा है। अधिकतर लोग अपनी हड्डियों के स्वास्थ्य की ओर ध्यान नहीं दे रहे। उन्होंने बताया कि समय के साथ साथ बोन डेंसिटी किस तरह से कम होती जाती है और किस तरह से किसी न किसी बीमारी के चलते हड्डियां खोखली होती चली जाती हैं।

डायबिटीज, थायराइड, कैंसर, अपच, किडनी विकार, विटामिन डी की कमी, आर्थराइटिस जैसी अनेकों ऐसी बीमारियां हैं जो हड्डियों को बहुत ही कमजोर बना देती हैं। संवाद